डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 11 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 18 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया




## भैसोदा पुलिस ने एक लाख की स्मैक के साथ युवक को दबोचा

**भानपुरा, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के भैसोदा मंडी चौकी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। जप्त स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर सूचना पर पुलिस ने टीम बनाकर घेराबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध युवक ने भागने की कोशिश भी की। लेकिन, पुलिस ने उसका पीछा कर धर दबोचा। आरोपी ने अपना नाम वसीम पिता रफीक पठान उम्र 24 साल निवासी मालीपुरा बताया है। अवैध मादक पदार्थ को लेकर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही हैं।

## ये कमलनाथ का विश्वास है दिग्विजय पर...

उन नादानों पर तरस आ रहा है, जो यह सोचकर ताली बजा रहे हैं कि कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को निपटा दिया है। अब यदि नाथ ने टिकट वितरण से नाराज पार्टीजनों को दिग्विजय और उनके सुपुत्र जयवर्द्धन सिंह के कपड़े फाड़ने की सलाह दी है, तो इसे भला किस तरह से गुस्सा कहा जा सकता है? कम से कम मैं तो ऐसा बिलकुल नहीं मान सकता। मेरी दृढ़ मान्यता है कि कमलनाथ ने जो कहा वह दिग्विजय सिंह की सौम्यता के प्रति उनके अगाध विश्वास का प्रतीक है।


प्रकाश भटनागर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष यह भली-भांति जानते हैं कि दिग्विजय को अपने कपडे फाड़े जाने से कोई शिकायत नहीं होगी। ऐसा किए जाने पर उनके माथे पर शिकन तक नहीं आएगी। बल्कि, इससे यह होगा कि टिकट वितरण से नाराज कांग्रेस वालों की भड़ास निकल जाएगी और उनका यह क्रोध किसी बैर में तब्दील होकर गंभीर रूप नहीं लेगा। और ऐसे शॉक एब्जॉर्वर के रूप में सिंह से मुफीद और कोई व्यक्ति हो ही नहीं सकता है। हाथ कंगन को आरसी क्या? मामला चाहे पार्टी के नाम पर हो या पार्टी के काम वाला हो, दिग्विजय अंजाम की परवाह किए बगैर आगे बढ़ते जाते हैं। फिर ऐसा करने में चाहे कभी इंदौर विमानतल पर कोई प्रेमचंद गुड्डू उनके कपडे फाड़ दें या रायपुर में विद्याचरण शुक्ल के समर्थक भी उनके साथ ऐसा ही कर गुजरें। दिग्विजय निर्लिप्त भाव से यह सब चुपचाप सह जाते हैं और उनके गांधीगिरी के इस स्वरूप के चलते ही कमलनाथ ने सोचा होगा कि असंतुष्टों का गुस्सा बाहर निकालने के लिए दिग्विजय के फटे कपड़ो से बेहतर रोशनदान और कोई हो ही नहीं सकता है।

अब यह भी देखिए ना। गोवा में कांग्रेस की सरकार बनते-बनते रह गई। इसकी वजह चाहे जो रही हो, लेकिन इसके लिए दिग्विजय पर कपड़ा-फाडू वाली शैली में जुबानी हमले किए गए। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के लिए मंदसौर से अपने अभियान की शुरूआत के समय राहुल गांधी ने दिग्विजय को मंच पर स्थान देना तक उचित नहीं समझा। कोई और होता तो इसे भी कपड़े तार-तार कर दिए जाने वाली बेइज्जती मानता। लेकिन, दिग्विजय पर इस सबका कोई असर नहीं पड़ा। पूरे संतों वाले भाव के साथ वह इस तोहमत के फटीचर स्वरूप को भी धारण किए हुए हैं कि राज्य में कमलनाथ की सरकार के असमय गिरने के मूल में खुद दिग्विजय ही थे।

और कमाल यह कि इस अभ्यास को दिग्विजय नियमित मजबूती प्रदान कर रहे हैं। कमलनाथ के ताजा कथन पर भी उन्होंने निहायत संयत स्वरूप की प्रतिक्रिया दी है। कोई शिकायत नहीं। क्रोध का तो नाम भी नहीं। बस यह लिखा कि बड़े परिवार में ऐसे मामले समझदारी से निपटाए जाने चाहिए। कमलनाथ के कथन वाले वायरल वीडियो को यदि आप कपड़े फाड़ने वाले प्रक्रिया के रूप में ही देखते हैं तो दिग्विजय की यह प्रतिक्रिया भी बताती है कि कपड़े फाड़े जाने वाली नाथ की सलाह के केंद्र में दिग्विजय को रखा जाना गहन विवेकशीलता का प्रतीक ही था।

बीच में एक जगह लिखा गया है, 'मामला चाहे पार्टी के नाम पर हो या पार्टी के काम वाला हो' तो चलते-चलते इस बात की व्याख्या भी कर दी जाए। ऐसे कई मामलों में यह बिलकुल साफ रहा है कि दिग्विजय ने जिन बातों के चलते अपने लिए कपडे फटने की स्थिति बुलाई, उनमें से अधिकतर बातें भले ही पार्टी के नाम पर की गई, लेकिन उनके मूल में खुद दिग्विजय का निजी एजेंडा भी निहित था। खैर, इसे गलत भी नहीं मानना चाहिए। निजी शुभ-लाभ हासिल करने की निंदा करने से पहले यह देखा जाना चाहिए कि कपड़े फड़वाने की दिग्विजय की तरह ऐसी बार-बार हिम्मत करना कांग्रेस में क्या किसी और के बूते की बात है?



# बिना अनुमति टंगे होर्डिंग्स आचार संहिता पर भारी!

**नियमों को ताक पर रखकर दी अनुमति, अनुमति से भी ज्यादा होर्डिंग लगे हुए है**

## कलेक्टर दूर, हाईकोर्ट के निर्देश पर भी नहीं हट पाए

**मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आचार संहिता में रोजाना दर्जनों बैनर होर्डिंग्स हटाए जा रहे हैं। सख्ती इतनी है कि एफआईआर भी दर्ज की जा रही है। विद्युत पोल पर लगे छोटे विज्ञापन बोर्ड को लेकर भी प्रकरण दर्ज किए जा रहे है। लेकिन, शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स आचार संहिता पर भारी पड़ रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अनुमति दो सौ की भी नहीं है। जबकि शहर में पांच सौ से अधिक होर्डिंग्स लगे हुए है। वर्तमान हो या पूर्व, कई कलेक्टर अवैध होर्डिंग्स हटाने को लेकर निर्देश-आदेश जारी कर चुके हैं। लेकिन नपा की सुस्ती उड़ने का नाम नहीं लेती है।

### हाईकोर्ट दे चुका है निर्देश...

कुछ साल पहले हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर दिए गए निर्णय में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को 3 दिन में शहर में लगे सभी अवैध होर्डिंग हटाने के आदेश दिए थे। मंदसौर नगरपालिका ने तीन दिन तक खंभों और बैनर पोस्टर पर लगे होर्डिंग्स हटाकर कागजों पर कार्रवाई दर्शा दी। इसके बाद कई कलेक्टरों ने निर्देश दिए। खुद वर्तमान कलेक्टर दिलीप कुमार यादव बैठकों में अवैध होर्डिंग्स को हटाने के निर्देश दे चुके हैं।

### सिर्फ दो सौ की है अनुमति...

नपा ने सिर्फ दो सौ होर्डिंग को अनुमति दी हुई है। नपा रिकॉर्ड के अनुसार शहर में एक भी अवैध होर्डिंग नहीं लगा है। हकीकत यह है कि नेहरु बस स्टैंड, गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा, महू-नीमच राजमार्ग, कैलाश मार्ग, महाराणा प्रताप बस स्टैंड सहित कई जगहों पर मिलाकर इससे कहीं ज्यादा होर्डिंग लगे हैं।

### मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन...

कुछ समय पहले होईकोर्ट में लगाई गई जनहित याचिका में नियमों का हवाला दिया गया था। सड़क किनारे भवनों, फुटपॉथ, खंभों पर लगे होर्डिंग से राहगीरों का ध्यान भंग होने के साथ ही यह मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 16(4) का उल्लंघन भी है। नियमों का उल्लंघन करते हुए ऐसे व्यस्ततम मार्गो पर भी होर्डिंग की अनुमति दी गई है। जिससे वाहन चालकों का ध्यान भटक रहा है। कई बार दुर्घटना का कारण भी बनते हैं। खासकर व्यस्ततम मार्गों पर ज्यादा ऊपर और ज्यादा नीचे लगे होर्डिंग दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे हैं।

### यह है नियम...

✻ होर्डिंग सड़क और भवन से एक निश्चित दूरी पर लगाया जाए। ✻ होर्डिंग की अधिकतम उंचाई 20 फीट से अधिक न हो। ✻ होर्डिंग विद्युत लाइन के आसपास नहीं होना चाहिए। ✻ बिजली खंभे-एलएनटी लाइन से डेढ़ मीटर की दूरी होना जरुरी है। ✻ होर्डिंग के आसपास हरियाली नहीं होना चाहिए। ✻ फूटपॉथ पर होर्डिंग नहीं लगे होना चाहिए। ✻ संरक्षित क्षेत्र में होर्डिंग को नहीं लगाया जा सकता। ✻ पुरातत्व व ऐतिहासिक इमारतों के आसपास होर्डिंग नहीं लगाए जा सकते। ✻ होर्डिंग जमीन से कम से कम 7 फीट ऊपर होना जरुरी है। ✻ स्कूल भवनों के आस-पास होर्डिंग लगाने के विशेष नियम है।

**(नोट: नपा के राजस्व रिकार्ड के अनुसार)**

### नपा का हो रहा राजस्व का नुकसान...

नगर पालिका द्वारा अनुमति देकर होर्डिंग के बदले सालाना राजस्व वसूला जाता है। दर के हिसाब से 200 वर्ग फूट साइज के होर्डिंग के लिए सालाना 4200 रुपए निर्धारित किए गए है। इस वर्ष नपा को होर्डिंग के जरिए राजस्व के रुप में लगभग 8 लाख रुपए से ज्यादा राशि प्राप्त हुई है। जबकि, अगर अवैध होर्डिंग्स को भी अनुमति लेने के लिए बाध्य कर अनुमति दी जाए तो नपा को राजस्व का फायदा हो सकता है।

## मनासा कांग्रेस में नहीं थम रहा विद्रोह, नाहटा का पुतला फूंका



**मनासा, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मनासा विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व मंत्री नरेन्द नाहटा के नाम की अधिकृत घोषणा की है। उनके नाम की घोषणा के साथ ही मनासा कांग्रेस मे घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस नेता मंगेश संघई ओर उनके समर्थको ने कांग्रेस बगावत चालू कर दी है। हालांकि, एकाध नेता के अलावा किसी का इस्तीफा नजर नहीं आया और टीम मंगेश संघई की ओर से 5 हजार कार्यकर्ताओ के बगावती सम्मेलन का प्रेस नोट जारी किया गया। इस आयोजन के लिए प्रशासन से कार्यकर्ता सम्मेलन की अनुमति ली गई।

मंगलवार दोपहर मंगेश संघई के मंगलम रिसोर्ट पर बगावतियो सम्मेलन हुआ। जिसमे लगभग 500 कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। कुछ नेताओं ओर कार्यकर्ताओ ने दहाड़ दहाड़ कर नरेन्द नाहटा का विरोध किया ओर तीन बार के विधायक ओर मंत्री को बाहरी होना बताया। रिसोर्ट के सभागार में नाहटा विरोधी नारे जमकर लगे। कुछ कार्यकर्ताओ का कहना था की मंगेश भाई दस साल से कांग्रेस के समर्पित नेता होकर मनासा विधानसभा में कांग्रेस का झंडा मजबूती से उठा रहे है। फिर भी पार्टी ने दरकिनार कर टिकट नहीं दिया। जिसका हम विरोध करते है। इस हंगामेदार सम्मेलन में मंगेश संघई सुरेश धनगर, इंदरमल पामेचा, चंद्रशेखर पालीवाल, मंगल पाटीदार, दिनेश राठौर सहित कई नेता ओर कार्यकर्ता उपस्थित थे। कुल जमा यह कहा जा सकता है कि मंगेश संघई का ये बगावती कार्यकर्त्ता सम्मेलन फ्लॉप नजर आया। वही सम्मेलन के आखिरी समय में विरोध स्वरुप रिसोर्ट के बाहर मुख्य मार्ग पर नरेंद्र नाहटा का पुतला दहन किया गया।

इस पुतला दहन के मामले को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए प्रशासन ने सम्मेलन की अनुमति लेने वाले मंडलम अध्यक्ष के विरूद्ध आचार संहिता के उल्लंघन की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज करने के निर्देश पुलिस को दिए। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि मनासा की कांग्रेस राजनीति में रोज नई उठापटक देखने की संभावना बन रही है।

## कार से मिला 60 किलो डोडाचूरा, आरोपी फरार

**मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के अफजलपुर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 60 किलो अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। जप्त डोडाचूरा की कीमत 1 लाख 20 हजार रूपए बताई जा रही है। हालांकि पुलिस के पीछा करने पर आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गया। मामले में वाहन नंबर के आधार पर पुलिस में प्रकरण दर्ज किया है। अफजलपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में आचार संहिता के चलते थाना क्षेत्र के मंदसौर-सीतामऊरोड , डिगांव चौपाटी पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान संदिग्ध कार एमएच 02 बीएम 4057 का चालक पुलिस चेकिंग देखकर कार घुमाकर फरार होने लगा। शंका होने पर पुलिस ने पीछा किया। लेकिन, पुलिस के पहुंचने तक कार चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। तलाशी लेने पर कार में 60 किलो अवैध मादक पादर्थ डोडाचूरा बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने कार नम्बर के आधार पर कार मालिक राकेश पिता भबूतराम निवासी गौतम नगर कुक्षी जयपुर के खिलाफ अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# कांग्रेस: मंदसौर में बीस साल का सूखा कैसे होगा दूर?

## स्व. पुरोहित के बाद लगातार काबिज है यशपालसिंह सिसौदिया

**मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो अविभाजित मंदसौर जिले को भाजपा के गढ़ के रूप में देखा जाने लगा है। लेकिन मंदसौर विधानसभा क्षेत्र और मंदसौर नपा चुनावों में बहुत कम मतों से हुई हार-जीत को देखकर यह कहना गलत होगा। कहीं न कहीं कांग्रेस की गुटबाजी तो कहीं निर्दलीय कांग्रेस की राह में रोड़ा बनते आ रहे है। लेकिन, इस बार मुकाबला कड़ा होने की पूरी उम्मीद है।

मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में दस साल तक पूर्व मंत्री कैलाश चावला का इस सीट पर प्रभाव रहा। तीसरा चुनाव 1998 में कैलाश चावला कांग्रेस के नवकृष्ण पाटिल से हारे। इसके बाद 2003 में भाजपा के ओमप्रकाश पुरोहित ने नवकृष्ण पाटिल को हराया। जिसके बाद पद्रह सालों से यशपालसिंह सिसौदिया का इस सीट पर प्रभाव है। इस बार फिर भाजपा ने उन पर भरोसा जताया है। मतलब कांग्रेस के लिए इस सीट पर बीस साल का सूखा है, जिसे दूर करने के लिए कांग्रेसी इस बार जी जान से जुटे है तो उधर भाजपाई भी पूरी कमर कस कर तैयार बैठे है। बता दें कि मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के अभी तक हुए 14 चुनाव में भाजपा ने आठ बार तो कांग्रेस ने छह बार जीत हासिल की है। वर्ष 1990 के बाद हुए सात चुनावों में तो मंदसौर विधानसभा के बदले परिदृश्य ने इस सीट पर भाजपा को ही स्थापित कर दिया है। यहां केवल 1998 में भाजपा को पराजय का स्वाद चखना पड़ा था। उसके अलावा छह चुनावों 1990, 1993, 2003, 2008, 2013 व 2018 में भाजपा ने लगातार कांग्रेस प्रत्याशियों को शिकस्त दी है।

### कन्या राशि को ज्यादा मौका...

### सात बार पाटीदार, तीन बार पाटिल

मंदसौर विधानसभा के लिए हुए कुल 14 चुनावो में कांग्रेस की ओर से कन्या राशि का बोलबाला रहा है। अभी तक सात बार पाटीदार श्यामसुंदर चुनाव मैदान में उतरे। दो बार 1957, 1962 व 1980, 1985 में ऐसा मौका भी आया कि लगातार दो चुनाव भी जीते। इसके बाद तीसरे चुनाव में उन्हें पराजय मिली। इनके अलावा कांग्रेस की तरफ से तीन चुनाव लड़ने का मौका पाटिल नवकृष्ण (1993, 1998, 2003) को ही मिला था, पर वे भी केवल एक बार 1998 में ही चुनाव जीत पाए। इस बार कांग्रेस ने वृश्चिक राशि के विपिन जैन पर भरोसा जताया है। देखना है कि राजनीति में उनके साथ क्या खेल होता है।

## भाजपा-कांग्रेस दोनों में असंतोष, जिसने काबू पाया, वही जीतेगा मैदान

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारो की घोषणा के बाद भाजपा- कांग्रेस दोनों दलो में असंतोष है। जिस पार्टी उम्मीदवार ने असंतोष पर काबू पा लिया, वही मैदान में जीतेगा।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के जिले के उम्मीदवार घोषित होने के बाद सैकड़ो कार्यकर्ताओं में लंबे समय से पनप रही नाराजगी पर नियंत्रण पाने की चुनौती है। वहीं कांग्रेस के सामने संभावित उम्मीदवारों की घोषणा .... शेष पेज 4 पर

## मंदसौर के जज की कार से रतलाम में की थी चोरी, आरोपी गिरफ्तार

### कार से ऑइल टपकने का इशारा कर चुराया था पर्स, रतलाम पुलिस ने पकड़ा

**रतलाम, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सैलाना रोड़ ओवर ब्रिज पर मंदसौर के जज की कार से दो तोला सोना रखा पर्स चुराने वाले आरोपी को दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग आरोपी से दो तोला सोना, पर्स, एटीएम कार्ड सहित कुल 1 लाख 30 हजार रुपए का माल जप्त किया है। मंदसौर लेबर कोर्ट में पदस्थ न्यायाधीश जय कुमार पाटीदार मंगलवार को किसी कार्य से रतलाम आए थे। जहां उन्हें चकमा देकर अज्ञात बदमाश उनका पर्स चुरा ले गया था।

दरअसल मंगलवार को मंदसौर में लेबर कोर्ट के जज जय कुमार पाटीदार किसी कार्य से रतलाम आए थे। वे पॉवर हाउस रोड से मंगलवार की शाम को कार से जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने इशारा करके कहा कि कार से कुछ आइल टपक रहा है। जज ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन, सैलाना रोड ओवर ब्रिज पर कार रोककर बोनट चेक करना चाहा। बोनट खोलकर चेक करके जैसे ही वे कार में लौटे तो सीट पर रखा उनका पर्स गायब हो गया। पर्स में रखे दस्तावेज के साथ ही दो तोला सोने के आभूषण भी गायब हो चुके थे। पीड़ित जज की रिपोर्ट पर हाट की चौकी, थाना डीडी नगर पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस ने जब मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह से जुड़े एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चोरी की इस वारदात का खुलासा हो गया। पुलिस ने आरोपी से चोरी का पर्स, 2 तोला सोना और एटीएम कार्ड बरामद कर लिया है।

# कांग्रेस में बगावतियों को बना रहे प्रत्याशी, समर्पित नजरअंदाज

**मंदसौर/उज्जैन, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** यह कांग्रेस का गजब अंदाज है संगठन चलाने का की जिन्हें कांग्रेस में भाजपा से बगावत कर समाए तीन-चार महीने भी नहीं हुए हैं, उन्हें सहर्ष प्रत्याशी बनाया जा रहा है और जिन्होंने समर्पण का सार्वजनिक प्रमाण और उदाहरण पेश किया, उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। यह हाल तब है जब इनके शीर्ष नेता राहुल गांधी साढ़े तीन हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा कर गंभीरता से संगठन को मजबूत करने वाले नेता कहला रहे हैं। सतह पर यह माना जा रहा है कि प्रदेश के नेता ही राहुल की मेहनत पर पानी फेरने के लिए भाजपा से समझौता कर चुके हैं।


चन्द्रमोहन भगत

शहडोल के यादवेन्द्र सिंह तो अपनी व्यथा सुनाते हुए रोने लगे कि कैसे कमलनाथ ने उनके साथ छल किया। पिछला चुनाव नागेंद्र सिंह से मात्र 1235 मतों से हारे थे, तब उन्हें आश्वस्त किया गया था कि फिर प्रत्याशी बनाएंगे। 15 दिन पहले तक कहा की हमसे मिलने क्यों आते हो, क्षेत्र में काम करो, हम काम करते रहे, प्रत्याशी किसी और को बना दिया। अब कमलनाथ, दिग्विजयसिंह दोनों ही मेरे फोन नहीं उठा रहे हैं। यही हाल दतिया के पूर्व विधायक राजेंद्र भारतीय का किया गया जो की सिंधिया के बहुत करीबी थे। इन्हें नजरअंदाज कर तीन महीने पहले भाजपा से आए अवधेश नायक को प्रत्याशी बनाकर इनाम दे दिया। जबकि, राजेन्द्र भारतीय को सिंधिया के साथ भाजपा में न जाने की सजा कांग्रेस संगठन ने दे डाली। ऐसे ही आयातितो में हरिवंश राय को अशोकनगर, मुंगावली से यादवेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस की 144 नामों की पहली सूची में ऐसे आधे दर्जन नाम है, जो बीते तीन चार महीनों के अंतराल में ही कांग्रेस में आए हैं। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों की माने तो बाकी बची सीटों में भी लगभग एक दर्जन ऐसे ही प्रत्याशी बनाए जाएंगे, जो हाल ही में भाजपा या अन्य दलों से आए हैं।

जाहिर हो चुकी सूची के बाद कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ जनों का यह पूछना कि चुनाव को लेकर जनमत में कांग्रेस की स्थिति कैसी है! यह उजागर कर रहा है कि संगठन के प्रत्याशी चयन के कारण कांग्रेसियों को ही अभी से हार का डर सताने लगा है! यह तो घोषणा होते ही स्पष्टहोने वाली बात है। दूसरी खासियत कांग्रेस की चिर परिचित शैली एक दूसरे को निपटाने की भी अपना असर चुनाव में दिखाएगी। इस समस्या से भाजपा भी रूबरू हो रही है। ऐसी बीमारी राजनीतिक संगठन को डैमेज करती है। अत: नुकसान कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशियों का होना चाहिए। पर, यह भी सब जानते हैं कि भाजपा संगठन भरपूर अनुशासन मान्यता से संगठित है। इस कारण भाजपा में प्रत्याशियों को विद्रोहियों द्वारा किए जाने वाले नुकसान को करने के पहले अनुशासन के डंडे से कंट्रोल कर लिया जाता है। जबकि, कांग्रेस में ऐसे डैमेज से प्रत्याशी बच नहीं पता है, ना ही संगठन बचा पाता है। ऐसा होना इस बार भी तय भी नजर आ रहा है।

भोपाल दक्षिण से संजीव सक्सेना प्रत्याशी बनना चाहते थे। जबकि, पीसी शर्मा यहां से विज़िट उम्मीदवार हैं। संगठन भी शर्मा को ही लड़ाना चाहता है, किन्तु संजीव सक्सेना अपने वरिष्ठ नेताओं को 20 करोड़ रूपया दिखा चुके हैं। यह दावा करते हुए कि इसे मैं अपना चुनाव लड़ने में खर्च करूंगा और अगर मुझे यहां से प्रत्याशी नहीं बनाया तो जिसे भी कांग्रेस प्रत्याशी बनाएगी, उसे हरवाने के लिए खर्च कर दूंगा! इस दुविधा के कारण कांग्रेस अभी तक इस सीट से प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाई है।

मंदसौर के घोषित प्रत्याशी के साथ भी निपटाने का खेल शुरू हो गया है। आरएसएस के एक कार्यक्रम में संघ के ध्वज को प्रणाम करते हुए उनका फोटो वायरल कर दिया गया है। हालांकि, इससे प्रत्याशी विपिन जैन का कोई नुकसान नहीं हो रहा है। क्योंकि कांग्रेस तो शुद्ध भाजपा के संघियों को आयातित कर प्रत्याशी बना रही है। कांग्रेस संगठन भाजपा से जनमत की नाराजगी को भुनाने की बजाय भाजापाईयों के भरोसे चुनाव मैदान में उतर रही है। ऐसे में जनमत का भरोसा कांग्रेस से उठता जा रहा है। इसी कारण सरकार बनाने के लिए जो जीत का दावा बराबरी पर था, उसमें अभी से कांग्रेस पिछड़ती नजर आने लगी है।

### कमलनाथ सरकार गिरने पर...

## संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा निकालने वाले तीन कांग्रेस नेताओं ने कराई जमानत

**मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कमलनाथ सरकार को गिराकर भाजपा सरकार बनने के एक वर्ष पश्चात 2020 में जिला कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। जिसको लेकर पुलिस द्वारा उस दौरान तत्कालीन जिला कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, तत्कालीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व नपा अध्यक्ष मो.हनीफ शेख तथा वर्तमान में सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के उम्मीद्वार राकेश पाटीदार के खिलाफ धारा 188 में प्रकरण दर्ज किया गया था। उस मामले में मंगलवार को तीनो कांग्रेस नेता सीजीएम न्यायालय में पेश हुए, जहां से उन्हें 15 -15 हजार के मुचलके पर जमानत पर रिहा किया गया।



शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व अभिभाषक डॉ. राघवेंद्र सिंह तोमर ने बताया की वर्ष 2020 में जब भाजपा द्वारा विधायकों की खरीद फरोख्त कर कांग्रेस सरकार गिराई गई थी। तब पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। जिसमे जिले भर से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए थे। तब भाजपा नेताओ के दबाव ने पुलिस ने हमारे पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हनीफ शेख व सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीद्वार राकेश पाटीदार के खिलाफ धारा 188 में प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस ने दो तीन दिन पहले फरारी का चालान सीजेएम कोर्ट में पेश किया था। जिसकी जानकारी मिलने पर कांग्रेस के तीनों नेताओं को कोर्ट में पेश किया व जमानत के लिए आवेदन दिया था। जिस पर न्यायालय ने तीनो नेताओं को 15 - 15 हजार रूपए के मुचलके पर जमानत पर रिहा किया है। अगली तारीख 30 अक्टूबर दी है। जिस पर मामले में जिरह की जाएगी।

## मोदी मंदसौर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

मंदसौर,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। जिला कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री कमलेश जैन ने मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कमलनाथजी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री रणदीपसिंह सूरजेवाला, समस्त विभागो एवं प्रकोष्ठो के प्रभारी श्री जेपी धनोपियाजी, प्रदेश कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठके अध्यक्ष श्री अभिषेक श्रीवास्तव, पूर्व सांसद मीनाक्षीजी नटराजन, जिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती अर्चना जायसवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपिन जैन, जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री श्री सुरेश भाटी की सहमति से युवा सामाजिक कार्यकर्ता श्री नमन मोदी को मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठका अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।





## लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंदसौर विजेता

मंदसौर,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। जिलास्तरीय शालाये बालक 14 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दशपुर विद्यालय में हुआ जिसमें मंदसौर की टीम विजयी रही।

इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विजेंद्र देवडा डीएसओ खेल एवं युवक कल्याण विभाग, बंशीलाल बरिवाल डीएसओ शिक्षा विभाग, विद्यालय के प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस , सुपरवाइजर हाकिम प्रसाद शर्मा, सेंट थॉमस के खेल प्रशिक्षक त्रिभुवन कविश्वर, लोटस वैली के खेल प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी, वात्सल्य के खेल प्रशिक्षक आशीष रेठा , धारासिंह (भानपुरा), नारायण सिंह (गरोठ), दशपुर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक आकाश गाजवा आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी दशपुर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक देवेंद्र बैरागी ने जानकारी देते हुए बताया की मन्दसौर बनाम भानपुरा के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें भानपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मन्दसौर के सामने 10 ओवर में 53 रनों के लक्ष्य रखा ओर पूरी टीम आल आउट हो गयी, जवाब में मन्दसौर ने बिना किसी विकेट के यह मैच 4 ओवर में ही समाप्त कर दिया, जिसमें रिदम नाहटा ने शानदार 30 रन बनाए उनका साथ दिया वैदिक जोशी ने 18 रन ओर मन्दसौर ने यह मैच 10 विकेट से जीत लिया । इस अवसर पर दशपुर विद्यालय के प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस ने सभी अतिथियो का स्वागत किया व इस अवसर पर विद्यालय के सुपरवाइजर हाकिम प्रसाद शर्मा भी उपस्थित रहे। मंदसौर की इस उप्लब्धि पर विद्यालय प्रबंधन व खेल प्रशिक्षक जयविजय सिंह सिसोदिया, नवीन खोखर, नवम देव कोटा आदि ने बधाई प्रेषीत की।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत साईकिल रैली आज

नीमच,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत विभिन्न्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टनर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के नेतृत्वत में आज 18 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्टर निवास के सामने से वृहद्ध मतदाता जागरूकता साईकिल रैली आयोजित की जा रही है। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरू प्रसाद ने सभी जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों से साईकिल के साथ मतदाता जागरूकता रैली में अनिवार्य रूप से भाग लेने का अनुरोध किया है।

## शासकीय भूमि पर अवैध रुप से बना दी बाउण्ड्रीवाल



सुवासरा,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। स्वामी विवेकानन्द खेल स्टेडियम के पीछे एक बीघा शासकीय भूमि सर्वे नंबर 1085 पर बनाई गई अवैध बाउंड्रीवाल पर प्रशासन ने पहले चुप्पी साध ली और अब चुनाव मतदान संपन्न होने के बाद कार्यवाही की बात कर रहे है। छः महीने पहले बेशकीमती शासकीय भूमि पर अज्ञात भूमाफियाओं के द्वारा अवैध रूप से चारो ओर पक्की बाउंड्रीवाल बना दी। इसकी शिकायत नगर के जागरूक नागरिकों के द्वारा तहसीलदार को की गई थी। जिसके बाद तहसीलदार पटवारी को जांच कर प्रतिवेदन देने के लिए कहा। पटवारी ने दो बार जांच कर नगर के एक व्यक्ति के नाम से रिपोर्ट बनाकर तहसीलदार को सौंप दी। जब संबंधित व्यक्ति को नोटिस भेजकर तहसील कार्यालय में अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया।तो व्यक्ति ने अपना अतिक्रमण होने से साफ मना कर दिया। जिसके बाद तहसीलदार मनोज शर्मा ने 13 जुलाई को उक्त अतिक्रमण को हटाने का आदेश निकाल दिया। तहसीलदार का आदेश पटवारी के पास पहुंचने के बाद कस्बा पटवारी शुभम जैन ने अतिक्रमण हटाने का नोटिस बाउंड्रीवाल पर चस्पा कर संबंधित को अतिक्रमण तीन दिन में हटाने के लिए ताकीद किया था। तीन दिनों के भीतर यदि अतिक्रमणकर्ता अतिक्रमण नहीं हटाता है तो प्रशासन कार्यवाही कर बाउंड्रीवाल को हटाएगा।

लेकिन नोटिस चस्पा करने के तीन माह बाद भी प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कोई कार्यवाही नहीं की। इसके उलट जो नोटिस वहां चस्पा किया था। वो जरूर वहां से गायब हों गया। सीतामऊ एस डी एम शिवानी गर्ग से जब इस अवैध बाउंड्रीवाल निर्माण एवं अन्य अवैध निर्माणो को हटाने के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि कलेक्टर साहब ने मतदान होने तक अतिक्रमण के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं करने की हिदायत दी है। चुनाव के बाद मामले को देखेंगे। प्रशासन का भूमाफियाओं के प्रति नरम रवेये को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृपाल सिंह सोलंकी ने कहा की जब प्रशासन ने यह पता लगा लिया है की शासकीय जमीन पर अवैध बाउंड्रीवाल का निर्माण हुआ है तो अब कार्यवाही करने में किस बात का भय लग रहा हे। चुनाव का बहाना बनाकर प्रशासन सत्तापक्ष के भूमाफियाओं का परदे के पीछे से सहयोग कर रहा है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर को

नीमच,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। जिला मुख्यालय नीमच तथा तहसील मुख्यालय मनासा, जावद एंव रामपुरा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली केनिर्देशानुसार वर्ष 2023 की अंतिम एंव चौथी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 दिसम्बर 2023 शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान, जिला एंव सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुददार केमार्गदर्शन में किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में नीमच,मनासा, जावद, रामपुरा के न्यायालयों में विचाराधीन समझौता योग्य सभी दाण्डिक, सिविल, विविध, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत अधिनियम, नगर पालिका, नगर पंचायतों, श्रम, बैंक, इत्यादि के प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते द्वारा किया जायेगा। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विजय कुमार सोनकर ने पक्षकारों से आग्रह किया है, कि उपरोक्त श्रेणी के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने के लिए अपने अभिभाषकों से सम्पर्क करें एवं संबंधित कार्यालयों में सहमति प्रस्तुत करें।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया रामपुरा में क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण



नीमच, 17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तोलानी ने मंगलवार को नीमच जिले की मनासा विधानसभा क्षेत्र के रामपुरा में क्रिटिकल मतदान केदो का निरीक्षण किया. उन्होंने मतदान केंदों पर सुविधाजनक मतदान के लिए मतदाताओं के प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था , मतदान केंद्रो पर पेयजल सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाओं रैंप निर्माण आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मतदान केदो पर आगामी विधानसभा निर्वाचन के तहत मतदान करवाने के लिए तैनात मतदान दल के कर्मचारियों के लिए भी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया तहसीलदार श्री मुकेश निगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संकल्प-न बाल विवाह करेंगे, न करने देंगे

### स्कूलों में बच्चों ने लिया बाल विवाह नहीं करने का संकल्प, स्कूलों में हुए आयोजन

सीतामऊ,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। कैलास सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के आह्वान पर शिक्षा विभाग एवं नवप्रभा सामाजिक संस्था के समन्वय से विकासखंड के विद्यालयों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं ने बाल विवाह नहीं करने और अपने आसपास बाल विवाह नहीं होने देने का संकल्प लिया।

शासकीय हाई स्कूल घसोई में शिक्षिका शांति शर्मा एवं शिक्षक अनिल कुमार डपकरा ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों से परिचित कराते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों को शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों को बताया कि निर्धारित उम्र से पहले होने वाला विवाह बालक और बालिकाओं के विकास के सभी अवसरों से बंचित कर देता है। शासकीय प्राथमिक विद्यालय कांटिया में शिक्षक बाबूलाल राठौर के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को बाल विवाह की खिलाफत के लिए प्रेरित कर देश को बाल विवाह मुक्त बनाने की मुहिम का हिस्सा बनने के लिए शपथ दिलाई गई, जिसमें बच्चों के साथ स्कूली शिक्षकों द्वारा बाल विवाह न करने और



अपने आसपास 18 वर्ष से कम उम्र के लडकियों और 21 वर्ष से कम आयु में लड़कों का विवाह नहीं होने देने का संकल्प लिया। नवप्रभा सामाजिक संस्था की सचिव टीना सोनी ने बताया कि देश को बाल विवाह रहित बनाने के लिए कैलास सत्यार्थी फाउंडेशन के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया है,इस अभियान के दौरान विभिन्न माध्यमों से सामाजिक जागरूकता के प्रयास किये जा रहे है। विकासखंड के स्कूलों में जागरूकता आयोजन कर बच्चों को बाल विवाह से बचाव के संबंध में प्रेरित किया गया।

## जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता संपन्न



मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। जिला स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन मंदसौर के सचिव गगन कुरील ने बताया कि 1 अक्टूबर को मंदसौर के नगर पालिका हॉल में जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें 170 खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी गुर्जर कार्यक्रम की अध्यक्षता जन भागीदारी समिति पीजी कॉलेज के अध्यक्ष नरेश चंदवानी विशेष अतिथि समाजसेवी नारू भाई मेव जिला स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, प्रांतीय मंत्री सिंधु सभा विजय कोठारी ,टेक्निकल डायरेक्टर सैय्यद आफताब आलम मंचासिन थे। सभी अतिथियों ने विजय खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे। अतिथियों का स्वागत सुनील जी हीवे ग्वाला , अशोक जी गहलोत असलम खान, दिनेश जी चंदवानी , दुर्गेश जी बेलानी, एडवोकेट दीनदयाल भावसार, हितेश जी सालवी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, निशांत जोशी , शाहिद जी मंसूरी, , शाहिद जी हुसैन, यशवंत सिंह राठौर ,श्रीमती धर्मेंद्र कुमारी बघेरवाल ने किया कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव गगन कुरील ने किया आभार असलम खान ने माना।

## जय माता दी घोष के साथ नवरात्रि में प्रतिदिन चढ़ रही है मॉ नालछा को ध्वजा

मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां नालछा चरण सेवा समिति द्वारा बालाजी मंदिर बस स्टेंड से प्रातः 5.30 बजे प्रतिदिन नालछा माता के दरबार तक नगर व जिले देश विश्व में सुख समृद्धि की कामना को लेकर ध्वजा यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा नगर के बस स्टैंड से प्रारंभ होकर घंटाघर, मंडीगेट, वीरसावरकर पुलिया, पशुपतिनाथ मंदिर से होकर मातारानी के जयघोष के साथ मां नालछा के दरबार पहुंचती हैं व मां को ध्वजा समर्पित कर मंदिर शिखर पर लगाई जाती हैं। जिसमें समिति के संरक्षक विनोद रूनवाल, अध्यक्ष अनिल सुराह, सचिव शिवशंकर सोलंकी, कोषाध्यक्ष महेंद्रसिंह सिसोदिया, ईश्वरसिंह चूंडावत, कपिल सोलंकी, बबलू देवड़ा, रवि भरोवा माइकल, मंगलसिंह सोलंकी, विशाल द्विवेदी, रवि ग्वाला आदि सदस्य प्रतिदिन मां नालछा को ध्वजा अर्पित कर रहे हैं।





## मां भवानी गरबा मंडल जंगली हनुमान कैलाश मार्ग पर हो रही है मां अम्बे की आराधना

मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व शहर सहित जिलेभर में बडे धूमधाम से बनाया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जंगली हनुमान कैलाश मार्ग पर मां भवानी गरबा मंडल की स्थापना की गई। यहां पर सर्वसम्मति से अनिल सुराह को अध्यक्ष बनाया गया और प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे मां भवानी की आरती की जा रही है। जिसमें बडी संख्या में मां के भक्त रोज महाआरती का लाभ ले रहे है। समिति की सर्व सहमति से संरक्षक महावीर जैन, नरेन्द्र बैरागी अध्यक्ष, अनील सुराह उपाध्यक्ष. हरीश खींची.संदीप बैरागी सहयोजक राजेश जैन, हेमंत सिसोदिया धर्मेंद्र परिहार सह सयोजक विक्की धुलिया, पवन जैन, दीपक नागदा. सुनील बैरागी. राजू खींची सह सचिव राहुल तिवारी. महेंद्र. कान्हा. रवि वीर अजय. कोषाध्यक्ष महेंद्र सिसोदिया मिडिया प्रभारी उमेश सुहाना सदस्य भगवती प्रसाद सुहाना. विनोद सुराह. रवि ग्वाला सुनील नागदा को नियुक्त किया गया है।

## मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित

नीमच, 17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। जिले में संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के औद्योगिक क्षेत्रों तथा औद्योगिक क्षेत्र नीमच, औद्योगिक क्षेत्र सांडिया (मनासा), औद्योगिक क्षेत्र रामपुरा तथा अर्द्धशहरी औद्योगिक संस्थान रामपुरा में वोटर अवरनेस फोरम का गठन किया गया। औद्योगिक इकाईयों में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए संपर्क किया गया।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

नीमच,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री गुरू प्रसाद के निर्देशानुसार मंगलवार को ग्राम पंचायत खानखेडी में मतदान केन्द्र क्रमांक 109, 110 पर मतदाता जागरूकता के लिये म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। पिछले विधान सभा चुनाव में गांव में मतदान केन्द्र पर मतदान का प्रतिशत कम रहा था जिसे बढाने के लिये स्व सहायता समूह द्वारा ग्राम में चौपाल व रैली आयोजित कर ग्राम वासियो से मतदान प्रतिशत बढाने वाले उपायो पर चर्चा की गई तथा मतदान दिवस को मतदान के लिए गांव में उपस्थित रह कर मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। ग्राम वासियो को विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढाने का संकल्प महेन्द्र अलावा सहायक विकासखण्ड प्रबंधक एनआरएलएम मनासा एवं कमल भुरिया सहायक विकासखण्ड प्रबंधक एनआरएलएम मनासा द्वारा दिलाया गया। कार्यक्रम में म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह की महिलाए एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता आदि सभी को प्रतिदिन कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधि करने के निर्देश दिए गए। जिसमें रेली, दिवार पर नारे लेखन, मेहन्दी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, घर-घर संपर्क व चुनाव के पूर्व पीले चावल देकर आमन्त्रण किया जाना शामिल हैं। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मनासा श्री अरविन्द डामोर ने बताया कि ग्राम पंचायत रायसिंहपुरा, बरखेडा, बरथून, लसुडियाई.मु., आदि पंचायतो में भी इसी प्रकार से आयोजन कर मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया।

## करेंगे जब, सब मतदान, तभी होगा राष्ट्र निर्माण

### मतदाता जागरूकता अभियान में जनपरिषद के साथ विबोध स्कूल की पहल

मंदसौर,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। आने वाली 17 नवम्बर को प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिले में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप प्लान अंतर्गत गतिविधियां जारी है । मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव , स्वीप प्लान नोडल अधिकारी श्री कुमार सत्यम एवं जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा के निर्देश पर मंदसौर के अभिनंदन नगर स्थित विबोध प्रीस्कूल प्रबंधन व जनपरिषद संस्था द्वारा मतदाताओं से मतदान की अपील की गई । स्कूली बच्चों की दौड स्पर्धा आयोजित की। स्कूल स्टॉफ द्वारा मतदान का संकल्प और शपथ ली । अभिभावकों को जागरूक किया गया। बच्चों ने पोस्टर प्रदर्शन किया। पोस्टर पर हिंदी में ' करेंगे जब , सब मतदान - तभी होगा राष्ट्र निर्माण ' इसके साथ अंग्रेजी में ' Your Vote Will Decide Our Future " अर्थात आपका मत हमारा भविष्य तय करेगा। विबोध प्रिंसिपल श्रुति बटवाल , सीनियर टीचर रीना सोनी , उमा खुतवाल ने मतदाता अधिकार आदि से अवगत कराया। इसके पूर्व जनपरिषद संस्था एवं अन्य संगठनों द्वारा नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। भारत माता चौराहे पर संयुक्त कलेक्टर शिवलाल शाक्य ने वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में मतदान की शपथ दिलाई। जनपरिषद जिला संयोजक डॉ घनश्याम बटवाल , योग गुरु बंशीलाल टांक , हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रतिनिधि ब्रजेश जोशी , डॉ देवेंद्र पुराणिक जयेश नागर राजाराम तंवर अजीजुल्लाह खालिद रविन्द्र पांडेय , हरिओम बरसोलिया ,नरेंद्र त्रिवेदी एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।




## स्वर्णकला बोर्ड व समाज का प्रतिनिधि मंडल सीएम चौहान से मिला

मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। विगत दिनों म.प्र. शासन के स्वर्णकला बोर्ड के अध्यक्ष श्री दुर्गेश सोनी रेहटी (कैबिनेट मंत्री दर्जा) व बोर्ड के सदस्य श्री अजय सोनी (मंदसौर-राज्यमंत्री दर्जा), कमलेश सोनी (राज्यमंत्री दर्जा), भोलेशंकर सोनी (जबलपुर-राज्यमंत्री दर्जा) के नेतृत्व में स्वर्णकार समाज का प्रतिनिधि मण्डल भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री चौहान से उनके निवास स्थान पर मिला। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री चौहान का स्वर्णकला बोर्ड का गठन किये जाने पर उन्हें धन्यवाद दिया। उन्हें समाज के पितृ पुरूष महाराजा अजमीढजी की प्रतिमा भेंट की तथा सराफा व्यवसायियों को हो रही परेशानी से उन्हें अवगत कराया। साथ ही सराफा व्यापारियों की जरूरतों की भी जानकारी दी। समाज के प्रतिनिधियों ने संविधान की धारा 411 व 412 के सरलीकरण के लिये भी निवेदन किया। स्वर्णकार समाज की जो अन्य समस्याये है उन्हें भी अवगत कराया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल में मंदसौर सहित पूरे म.प्र. के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।



## निर्वाचन संपन्न होने तक सभी अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंगर्तत निर्वाचन कार्य के सुचारू रूप से संपादन के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों की आवश्यकता तथा निर्वाचन के महत्व को देखते हुए सभी प्रकार के अवकाश पर निर्वाचन संपन्न होने तक प्रतिबंध लगाया है। अति विशेष परिस्थिति में अवकाश संबंधी आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मंदसौर को प्रस्तुत करेंगे। सभी सेक्टर अधिकारी अवकाश संबंधी आवेदन अपने संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

लघु कथा....................

## क्यों पहचानू



दीनू हतास सा बैंक की सीढ़ियों से उतरा तो कालू नेता अपने अगल-बगल दो व्यक्तियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में उतरते हुए उसके साथ हो लिया। साथ चलने के कारण दीनू ने एक क्षण उसकी ओर देखा और बिना नमस्ते किए अपनी धुन में चलाता हुआ बैंक के बाहर रखी अपनी साइकल का ताला खोल ही रहा था कि कालू नेता ने बाइक पर फर्लांग मार बैठते हुए दीनू को टोंकते हुए कहा , ' क्यों तुम मुझे नहीं पहचानते।'

' जी नहीं , मेरा क्या काम पडे आपको पहचाने का। ' ' तुमने देखा नहीं तुम वहीं अपनी पास बुक की समस्या को लेकर बैंक मेनेजर के सामने खडे थे उसने तुमसे बात तक नहीं की बिना गर्दन उठाए तुम्हें बाबू के पास जाने को कहा , बाबू ने भी तुमको टरकाते हुए कल आने की कहा और मेनेजर ने मुझे देखते ही खडे होकर नमस्ते की और कुर्सी पर बैठने को कहा। सब मुझे पहचानते और तुम मुझे नहीं पहचानते।'

दीनू ने फिर ना में सर हिलाया तो कालू बोला , ' नोकरी करते और मुझे नहीं जानते, तुम्हें कोई ट्रान्स्फर वांस्फर का डर नहीं है। ' ' ट्रांसफर का काहे का डर जहां होगा वहां चले जाएंगे , कहीं भी जाओ काम तो करना ही पड़ेगा। ' ' मैं इस तहसील का सबसे बड़े नेता सार्दुल सिंह हूं जिसकी अनुमति के बिना सरकारी कार्यालयों में पत्ता तक नहीं हिलता और तुम हो कि मुझे पहचानते तक नहीं।' ' नहीं हिलता होगा साब मैं क्यों जानू - पहचानूं मुझे तो अपने काम से काम। ' यह कह दीनू साइकिल के पेडल पर जोर मार सीट पर बैठ आगे की चढाई तय करने के लिए यह सोचता बढ चला कि कोई भी कुछ न कुछ लिए बिना काम तो करता नहीं तो किसी से पहचान बनाने से क्या मतलब। दीनू के इस उत्तर से नेता भीतर ही भीतर कसमसाता उसे देखता रह गया।

भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी

# उत्सवों में गरिमा व मर्यादाएं होनी चाहिए...

**पत्र संपादक के नाम**
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

नवरात्र देवी आराधना का उत्सव हे। शक्ति की उपासना का उत्सव हे। भारत की सांस्कृतिक चेतना प्रारंभ से ही मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान, अर्चन और वंदन के भाव से समर्पित रही हे और इसलिए हम सभी नवरात्रि में अपनी-अपनी मनोरथ सिद्धि के लिए विद्या, लक्ष्मी और शक्ति की उपासना करते हे। यह संस्कार भी संसार के किसी भी देश या समाज में नही हे। उत्सवो को उत्साह के साथ मनाना हमारी प्राचीन परम्परा है। नवरात्र धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के साथ नारी सम्मान और उसके द्वारा समाज, राष्ट्र, संस्कृति को दिए गए योगदान का स्तुति गान और प्रेरणा पर्व भी हे इसलिए तो हम कन्या पूजन, कन्या भोज करवाकर मातृशक्ति के प्रति आदर भाव प्रकट करते है। धार्मिक उत्सवो में धार्मिक मर्यादाओ का ध्यान रखना न केवल हमारी परंपरा वरन हमारा नैतिक दायित्व भी है। वर्ष में दो बार माँ की आराधना का उत्सव नवरात्रि आती है। शारदेय नवरात्रि में गरबोत्सव के आयोजन बड़े भव्य स्वरूप में होने लगे है। पुराने गली मोहल्लो में होने वाले पारंपरिक गरबे अब भव्य गरबोत्सव हो गए है और कुछ समय से व्यवसायिक गरबो के नाम से भी आयोजन होने लगे है। धार्मिक उत्सवो में धार्मिक मर्यादाएं होनी ही चाहिए किंतु वर्तमान पीढ़ी पर पाश्चात्य विकृति इस प्रकार हावी है कि वह धर्म, संस्कृति व संस्कारो से विमुख होती जा रही है और दुर्भाग्य यह है कि माताएं, बहने भी जो धार्मिक संस्कृति व परम्परा की वाहक है वे भी इसमें सम्मिलित रहती है। नवरात्रि उत्सव हमारे देश की दिव्य आध्यात्मिक शक्तियों को जाग्रत करने वाला महान उत्सव है। इसकी उपासना पद्धति और महत्व को हमे समझना चाहिए। आधुनिकता के नाम पर जिस प्रकार की विकृतियां आई है वह वास्तव में गहन चिंतनीय है। धार्मिक उत्सवो में धार्मिक मर्यादाओ का पालन करना व कराना सभी का दायित्व है। समाज को सकारात्मक ऊर्जा व सही दिशा देने का निम्मित यह उत्सव बने ऐसा प्रयास सभी का होना चाहिए।इन उत्सवो में ऐसी प्रव्रतियो को सम्मिलित करने से बचना चाहिए जो विकृति उत्पन्न करती हो। सभी गरबा आयोजको को यह संकल्प लेना चाहिए कि आयोजन स्थल पर गरबे धार्मिक रीति रिवाज व श्रेष्ठ सनातन परंपरा व संस्कृति के अनुसार हो। फिल्मी गीत व फूहड़ता न हो और आयोजन का उद्देश्य मनोरंजन न होते हुवे माँ की आराधना हो। विख्यात बांग्ला लेखक शरतचंद्र ने कहा था मानव की मौत देखकर इतना दुख नही होता जितना मानवता की मौत पर। निसंदेह देश में कन्या भ्रूण हत्या तथा मातृशक्ति के प्रति बढते जघन्य अपराध हमारी दूषित मानसिकता की पराकाष्ठा हे जो मानवता की मौत से कम नही। नवरात्रि उत्सव मनाने का सबसे बड़ा संकल्प यही हे की मातृशक्ति और बेटियों के प्रति सम्मान तथा पूजन के पवित्र संस्कार को सही अर्थों में कार्यरूप में परिणित कर आदि शक्ति की सच्ची उपासना करे क्योंकि मातृशक्ति और बेटियों की वास्तविक स्वतंत्रता और भयमुक्त जीवन के बिना इस नवरात्र उत्सव को मनाने की सार्थकता नही है।



गौरव सोनी, मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 425 | 1650 | 2100 |
| उडद | 75 | 4701 | 9381 |
| सोयाबीन | 7000 | 3500 | 4800 |
| गैहु | 3500 | 2480 | 3090 |
| चना | 144 | 4910 | 6001 |
| मसुर | 120 | 5100 | 6001 |
| धनिया | 326 | 4852 | 6740 |
| लहसुन | 16900 | 7500 | 15701 |
| मैथी | 964 | 5210 | 6630 |
| अलसी | 1904 | 4650 | 5136 |
| सरसो | 362 | 5090 | 5301 |
| तारामीरा | 00 | 00 | 00 |
| इसबगोल | 31 | 13096 | 22350 |
| प्याज | 1293 | 1200 | 2600 |
| कलोंजी | 99 | 10000 | 16300 |
| डॉलर | 7 | 12500 | 14000 |
| तिल्ली | 11 | 13250 | 15953 |
| मटरसुखी | 20 | 2252 | 3800 |
| असालीया | 13 | 10500 | 11112 |



## देशी पिस्टल व कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा पुलिस ने लोडेड देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ दो युवको को पकड़ा है।

पुलिस ने बताया कि एलची रोड पर स्कूटी सवार बाबूसिंह पिता गोर्वधनसिंह निवासी बानीखेड़ी और धर्मेंद्रसिंह पिता होकमसिंह देवड़ा निवासी बानीखेड़ी को रोका गया। वे पुलिस को देख स्कूटर छोड़ भागने लगे। उन्हें पकड़कर तलाशी ली गई। इनके पास से एक लोडेड देशी रिवाल्वर और बत्तीस बोर का एक जिंदा राउंड मिला। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# सभी जिले आपस में अधिक से अधिक संयुक्त कार्यवाही करें

### अंतर्राज्यीय बॉर्डर के कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, एसपी के साथ बैठक गांधी सागर में संपन्न

**मंदसौर,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए अंतर राज्य सीमा से लगे सभी संभागों के कमिश्नर, आईजी जिलों के कलेक्टर एवं एसपी के साथ एक संयुक्त बैठक गांधी सागर में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी ने आपस में सुझाव प्रदान करते हुए निर्णय लिए की अंतर राज्य सीमा से लगे नाके एवं चौक पोस्ट को आपस में मर्ज करना चाहिए। जिससे दोनों जिलों के पुलिस जवानों की कम से कम संख्या में अधिक नाकाबंदी होगी। इसके साथ ही अगर किसी नाके पर कोई गाडी पकडी जाती है। उसमें यह तय करे की पिछले वाले नाके ने उसे गाड़ी को क्यों नहीं पकडा। नहीं पकडने पर उक्त नाके वाले पर तैनात पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान उदयपुर, कोटा, बांसवाडा एवं उज्जैन संभाग के कमिश्नर एवं आईजी। रतलाम,



आगर मालवा, मंदसौर, नीमच, बांसवाडा, प्रतापगढ़, भीलवाडा, कोटा एवं झालावाड के कलेक्टर एसपी मौजूद थे।

अंतर राज्य सीमा से लगे सभी जिले आपस में मिलकर संयुक्त कार्यवाही करें। आपसी धर पकड़ में सहयोग एवं समन्वय के साथ काम किया जाए। इसकी सूचना भी एक दूसरे को पहले से होनी चाहिए। शराब मूवमेंट पर अच्छे से फोकस करें। उसको ट्रैक भी करें। सभी नाकों पर एसएसटी टीम लगातार कार्यवाही करें। नाकों पर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगे हो। शराब सेल आउट की जानकारी एक दूसरे को शेयर करें। शराब तस्करी की सूची भी आपस में शेयर करें। जहां अधिक शराब भंडारण होती है। उसको सर्च करें एवं कार्यवाही करें। किसी भी तरह से अब शराब मूवमेंट ना हो। राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान है। वही मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। इसलिए मध्य प्रदेश से लगी चेक पोस्ट पर शक्ति बरकार रखी जाए। सांप्रदायिक स्थिति को प्रभावित करने के लिए भी लोगों के द्वारा मूवमेंट किया जाता है। उन पर कडी निगरानी रखें। 10 नवंबर से शराब सेल की हर दिन की निगरानी हो। जिसमे आबकारी अधिकारी स्वयं जाकर भौतिक सत्यापन भी करें। मतदान के 48 घंटे पूर्व बॉर्डर पूरी तरह सील कर दी जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत कार्यवाही शुरू की जाए।

### कलेक्टर, एसपी ने गांधी सागर, रावतभाटा चेक पोस्ट एवं गरोठ ईवीएम रूम का निरीक्षण किया



कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने संयुक्त रूप से गांधी सागर रावतभाटा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा कि चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच की जाए। अब तक की गई जांच एवं कार्यवाही के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। जांच के दौरान वीडियोग्राफी भी की जाए। चेक पोस्ट पर कार्यवाही लगातार चलनी चाहिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने गरोठ एवं ईवीएम रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा की ईवीएम रूम में सीसीटीवी कैमरे पर्याप्त लगे होने चाहिए। साथ ही सभी कैमरे 24 घंटे चालू रहे। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, गरोठ एसडीएम श्री रविंद्र परमार मौजूद थे।



## झाड़ियों में पुरुष तो तालाब में महिला का शव मिला

### अज्ञात महिला की शिनाख्तगी के प्रयास जारी

**मंदसौर, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार को एक महिला और एक पुरुष के शव मिले हैं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बड़े अस्पताल भिजवाया।

पहले मामले में यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के इंड्रस्ट्रीयल एरिया एलआईसी के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव दिखाई देने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बड़े अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान संजय हिल्स क्षेत्र में रहने वाले गोपाल पिता सुरेश खारोल 35 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक ड्रायवरी करता था, घर में पत्नी और एक 8 साल का बेटा है। मृतक 15 अक्टूबर रविवार को घर से निकला था। सोमवार को परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। मंगलवार को उसका शव इंडस्ट्रियल इलाके में झाड़ियो में मिला। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

इधर शहर कोतवाली क्षेत्र के नई आबादी स्थित बिलाल मस्जिद के पिछे बने तालाब में एक महिला का शव मिला। इसके बाद टीआई राकेश मोदी सहित पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकलवाया गया। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतिका के हाथ पर अनिता गुदा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## स्टॉप डेम के पास दिखे मगरमच्छ

### किसान भयभीत, वन विभाग ने लगाए पिंजरे

**मनासा, 17 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जनपद पंचायत क्षेत्र मनासा के मोखमपुरा गांव में स्टॉप डेम के आसपास 2 मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसकी वजह से ग्रामीण डेम के पास अपने खेतों और इस इलाके में जाने से घबरा रहे हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि कभी कहीं से भी मगरमच्छ हमला कर सकता है। खेत में जा रहे ग्रामीण सतर्क हैं। उन्हें डेम की पाल से होकर जाना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी है।

वन विभाग ने दोनों मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए हैं। हालांकि, अब तक पिंजरे में मगरमच्छ नहीं आए हैं। गांव के किसान मनोज पाल ने बताया कि खेतों पर जाने का यह एकमात्र रास्ता है। दिन या रात के समय कभी भी सिंचाई के लिए खेत जाना पड़ सकता है। ऐसे में हर समय मन में भय बना रहता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से किया इनकार, सरकार को समिति गठित करने के निर्देश

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट में समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता की मांग को लेकर पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों वाली बेंच का फैसला बंटा हुआ है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सबसे पहले अपना फैसला सुनाते हुए समलैंगिक शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया। सीजेआई ने कहा कि ये संसद के अधिकार क्षेत्र का मामला है. हालांकि सीजेआई ने समलैंगिक जोड़े को बच्चा गोद लेने का अधिकार दिया है।

सीजेआई ने केंद्र और राज्य सरकारों को समलैंगिकों के लिए उचित कदम उठाने के आदेश दिए हैं। मामले में सीजेआई ने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक लोगों के साथ उनके यौन रुझान के आधार पर भेदभाव न किया जाए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए अदालत द्वारा निर्देश जारी करने के रास्ते में नहीं आ सकता। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि यह कहना गलत है कि विवाह एक स्थिर और अपरिवर्तनीय है। सीजेआई ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक समुदाय के लिए वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच में कोई भेदभाव न हो और सरकार को समलैंगिक अधिकारों के बारे में जनता को जागरूक करने का काम करे। सरकार समलैंगिक समुदाय के लिए हॉटलाइन बनाएगी, हिंसा का सामना करने वाले समलैंगिक जोडों के लिए सुरक्षित घर गरिमा गृह बनाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि अंतर-लिंग वाले बच्चों को ऑपरेशन के लिए मजबूर न किया जाए. सीजेआई ने कहा कि यौन अभिविन्यास के आधार पर संघ में प्रवेश करने का अधिकार प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है. विषमलैंगिक संबंधों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को व्यक्तिगत कानूनों सहित मौजूदा कानूनों के तहत शादी करने का अधिकार है. समलैंगिक जोडे



सहित अविवाहित जोडे संयुक्त रूप से एक बच्चे को गोद ले सकते हैं।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि केंद्र सरकार समलैंगिक संघों में व्यक्तियों के अधिकारों और हकदारियों को तय करने के लिए एक समिति का गठन करेगी। यह समिति राशन कार्डों में र्समलैंगिक जोड़ों को परिवार के रूप में शामिल करने, समलैंगिक जोडों को संयुक्त बैंक खातों के लिए नामांकन करने में सक्षम बनाने, पेंशन, ग्रेच्युटी आदि से मिलने वाले अधिकारों पर विचार करेगी. समिति की रिपोर्ट को केंद्र सरकार के स्तर पर देखा जाएगा। संविधान पीठ का हिस्सा रहे जस्टिस एस. रवींद्र भट्टने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि क्वीरनेस न तो शहरी है और न ही अभिजात्य हैं। हालांकि उन्होंने मुख्य न्यायाधीश द्वारा जारी किए गए निर्देशों से असहमति जताई। जस्टिस रवींद्र भट्टने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकार को इस मसले पर कानून बनाना चाहिए, ताकि समलैंगिकों को समाजिक और कानूनी मान्यता मिल सके।

### जिला नीमच के तीनों विधानसभा अध्यक्ष घोषित

**मनासा,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री जन जागरण अभियान म.प्र के मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लक्की खत्री जी की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री जन जागरण अभियान के नीमच जिला अध्यक्ष श्री गोपाल पेंटर, जिला कार्यकारि अध्यक्ष श्री केशव शर्मा, जिला महामंत्री श्री कुंदन शर्मा, जिला मंत्री श्री गगन पंजाबी मनासा के द्वारा नीमच जिले की तीनों विधानसभाओं के अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी की नियुक्तियां की गई जो इस प्रकार है। मनासा विधानसभा अध्यक्ष श्री दीपक गुलाटी विधानसभा मीडिया प्रभारी श्री हेमंत शर्मा एवं जावद विधानसभा अध्यक्ष श्री दिलीप पालीवाल कदवासा विधानसभा मीडिया प्रभारी श्री विशाल शर्मा अठाना तथा नीमच विधानसभा अध्यक्ष श्री रमेश लक्षकार विधानसभा मीडिया प्रभारी श्री आजाद भामावत की नियुक्ति की गई यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई एवं सदस्य के रूप में चिराग सोनी मनासा गौरव सिंधवानी मोईज वधवा मनासा मुकेश बैरागी मनासा निखिल छाबड़ा भूरा लाल जी धाकड़ पूर्व सरपंच चौकडी जगदीश धाकड़ बरखेड़ा गणपत शर्मा बमोरा कंवरलाल गुर्जर ग्वाल देवियां इत्यादि सदस्य लिए गए इन सबको भी अति शीघ्र जवाबदारी दी जाएगी उक्त जानकारी प्रधानमंत्री जन जागरण अभियान के सह जिला मीडिया प्रभारी श्याम पाटौदी द्वारा दी गई।

### आरोपी को थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री दिनेश जैन व्दारा राज्य5 सुरक्षा अधिनियम 1990 केतहत अनावेदक राहुल पिता बापूसिंह राजपूत निवासी मालीया, थाना नीमच सिटी को सदाचार बनाये रखने के लिए 6 माह तक सप्ताह में एक दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

### भाजपा-कांग्रेस दोनों ...

पेज 1 से जारी

के बाद असंतोष को दबाना चुनौती बनेगा। इन दिनो भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टियां जबरदस्त चुनावी तैयारियों में लगी हुई हैं। लेकिन, इस बीच दोनों ही पार्टियों में असंतोष की आहट है। ऐसे में चुनावी बाजी कौन अपने हिस्से कर पाएगा, यह अभी समय के गर्भ में है।

दोनों ही पार्टियों में अंदर खाने पनपने वाला असंतोष बड़े संकट की आहट दे रहा है। विशेषकर सुवासरा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार में ताकत झोकना शुरु कर दी है। बीजेपी हो या कांग्रेस सभी दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे है। साथ ही जनता के बीच पहुंचकर उन्हें अपनी साइड करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

## भाजपा के सभी मण्डलों में संपन्न हुए शक्ति केन्द्र सम्मेलन

**मंदसौर,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं संगठन महामंत्री हीतानन्द शर्मा के मार्गदर्शन में आज प्रदेश के सभी 1068 मण्डलो के साथ मन्दसौर जिले के सभी 18 मण्डलों में शीर्ष नेतृत्व की अपेक्षानुसार शक्ति केन्द्रों पर शक्ति सम्मेलन सम्पन्न हुए। जिनमें विधानसभा चुनाव जिला संयोजक कैलाश चावला, भाजपा किसान मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, भाजपा उम्मीदवार गण, जगदीश देवडा,



हरदीपसिंह डंग, यशपालसिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड, मदनलाल राठौर सहित संगठन के कई पदाधिकारियों ने शक्ति केन्द्र एवं बूथ टोली के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।

शक्ति केन्द्र सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विधानसभा चुनाव जिला संयोजक कैलाश चावला ने कहा कि अब हम सभी राजनीतिक युद्ध के मैदान में उतर चुके है। हमारा लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ इस राजनीतिक युद्ध पर विजय प्राप्त करने का होना चाहिए। शक्ति केन्द्र सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि यह चुनाव हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। देश और धर्म की सुरक्षा के लिए हमें जी तोड मेहनत कर पुन: विजयी पताका लहराना होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने अपने बूथ पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त करने के लिए बूथ पर जिला संगठन द्वारा दिए गए 15 आवश्यक संगठनात्मक करणीय कार्यों कों पूर्ण करना होगा। पूर्व विधायक देवीलाल धाकड ने कहा कि भाजपा के शासन में आज सड़क, पूल, ओवरब्रिज, अन्डरब्रिज के साथ हजारो करोड रूपयें की सिंचाई योजनाए धरातल पर उतरी है। जिससे लाखों किसान और रहवासी लाभान्वित हों रहे है। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर ने कहा कि आज बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक की सारी चिन्ता भाजपा की सरकारों ने की है। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

### बाइक की टक्कर से महिला गंभीर घायल

**पिपलियामंडी,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** टक्कर से महिला गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार कुलमीपुरा (धमोतर, प्रतापगढ़) निवासी रामचन्द्र पाटीदार, पत्नी यशोदाबाई के साथ नारायणगढ़ मौसर कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पुन: जाने के लिए ऋषि वाटिका के पास बाइक के पास खड़े थे। इसी दौरान बाइक (एमपी 44 एमवी 0272) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर यशोदाबाई को टक्कर मार दी। यशोदाबाई को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया। विनोद पाटीदार की रिपोर्ट पर सोमवार को नारायणगढ पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी जैन ने नगर में जनसंपर्क का किया श्री गणेश

**मंदसौर,17 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार श्री विपिन जैन ने मंदसौर शहर के जनकूपुरा मंडलम से जनसंपर्क का श्री गणेश करते हुए शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क किया। श्री जैन ने बसेर चौक, धानमंडी, सदर बाजार, शुक्ला चौक, नयापुरा रोड, कलाखेत में सैकडो की तादात में कांग्रेस जन व महिला कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारियों व आम जनता के बीच जनसंपर्क कर चुनावी शंखनाद किया। इस दौरान महिला, बुजुर्ग, नौजवान, व्यापारी, कर्मचारियों ने पुष्प हारो, मिठाई से श्री विपिन जैन का स्वागत किया और कई जगह श्री जैन का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन के बीच कमलनाथ के 11 वचन का फोल्डर का वितरण किया, साथ ही पिछले 18 साल से भाजपा के द्वारा मध्य प्रदेश में किए गए घोटाले के बारे में भी आम जनों को बताया। इस अवसर पर आपके साथ विशेष रूप से पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण



पाटिल जिला संगठन मंत्री राजेश सिंह रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि मनजीत सिंह मनी, मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर ,,जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण में सर्वश्री मोहम्मद हनीफ शेख, डॉ प्रीति पाल सिंह राणा, कालू कवीश्वर, जितेंद्र सोपरा, अंजू तिवारी, ईस्टा भाचावत, अजय लोढ़ा, आदित्य पाटील, प्रहलाद शर्मा, खलील खान, मुर्तजा घडीयाली, हेमंत हिंगड़, प्रदीप मुजावदिया, कैलाश मनवानी, कमलेश सोनी लाला, अनिल मसानिया, विजय सिंह सिसोदिया, सुनील बसेर, विनोद शर्मा, खुर्शीद आलम, सुनील शर्मा, मोहम्मद हुसैन रिसालदार, आसिफ छिपा, असगर मेव, आरिफ बेग, निर्मल बसेर, गोविंद सुरा, के के सिंह भाटी, माजिद चौधरी, संजय नाहर, फिरोज पठान, राकेश सुरावत राकेश फरक्या, संजय सोनी, राजेश मंडवारिया, मनोहर सोलंकी, मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष विकास दसोरा, नगर पालिका मंदसौर नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष सर्वश्री अंबालाल हिंगोरिया, सलीम खान सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवडा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रूपल संचेती, उद्योग प्रकोष्ठके जिला अध्यक्ष निर्विकार रातडिया, अजजा जिला अध्यक्ष रमेश सिंगार, शहर ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी गण में सर्वश्री आबिद मेव रवि विनायका, विपिन चपरोत, पंकज सतीदासानी, युसूफ अगवान, जगदीश जटिया, शिव शंकर सोलंकी, उस्मान मंसूरी, देवेंद्र खाबीया, प्रवीण जैन, हेमा हिंगड, धर्मवीर रतनावत, राहुल पोरवाल, नरेंद्र डूंगरवाल, शादाब खान ब्लॉक कांग्रेस संगठन मंत्री अभिषेक जैन, महिला नेत्रियों में मधु कड़ावत, वर्षा सांखला, राखी सत्त्वाला, सीमा बैरागी, अनीता भदोरिया, कुसुम विश्वकर्मा, रीना बसेर, सोनिया जैन, तनिष्का सत्रवाला, गायत्री दवे, लता चौहान, प्रमिला नाहर, मंडलम अध्यक्ष गण में सर्वश्री रमेश ब्रिजवानी, दशरथ सिंह राठौड डियर, विश्वनाथ सोनी, अजय सोनी, शुभम पंकज जोशी, नितेश सतीदासानी, अजय मारू, सेक्टर अध्यक्ष गण में सर्वश्री राजेश खींची, वहीद जेदि, अशोक राव, नोज श्रीमाल, सादिक गोरी, गोपाल ग्वाला, फिरोज अली, मोहनपुरी गोस्वामी, भेरूलाल कुमावत रमेश चंद्र, श्याम जी गुजराती, राजेश हिंगड, परमानंद चौहान, एडवोकेट शैलेंद्र गुप्ता, घनश्याम लोहार, मोहम्मद शाकिर मंसूरी, अनीश मंसूरी, सिकंदर मंसूरी, अनिल जैन, सरफराज मंसूरी, जितेंद्र गूगर, अमित भंडारी, कैलाश शर्मा जाहिद मंसूरी, भानु प्रताप सिंह राणा, दुर्गा शंकर धाकड, आदर्श जोशी, सत्यनारायण जटिया, चंदन खींची, लियाकत कुरैशी, रामनायक सूर्यवंशी, जितेंद्र भाटी, शरीफ खान तोड़ानेमीचं, नेमीचंद, सोनू हिंगड आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जनकूपूरा मंडलम के अध्यक्ष श्री राजनारायण लाड ने सभी का आभार माना यह जानकारी शहर ब्लॉक कांग्रेस के मीडिया प्रभारी योगेंद्र गौर व वकार खान ने दी।

### *** नाम परिवर्तन ***

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनजीतसिंह पिता इकबालसिंह ने अपना नाम परिवर्तन कर मनजीतसिंह टुटेजा कर लिया हैं। अतः आईन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम मनजीतसिंह टुटेजा के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता-बी-65, जनता कालोनी, पानी की टंकी के पास, मंदसौर

### **** जाहिर सूचना ****

सर्वसाधारण सहित हर आम व खास को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, मुझ सूचनाकर्ता राधेश्याम चौहान पिता डालूराम चौहान, निवासी-माननखेडा, तहसील पिपलौदा, जिला रतलाम म.प्र. के द्वारा श्यामुबाई पति रामनारायण जी, निवासी-ग्राम माननखेडा, तहसील पिपलौदा, जिला रतलाम, म.प्र. से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक जो कि, सर्वे नंबर 798/मिन- 1 का भाग होकर कुल 1404 वर्गफिट स्थित ग्राम माननखेडा, तहसील पिपलौदा, जिला रतलाम क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड की लिंक रजिस्ट्री जिससे की श्यामुबाई ने उक्त भूखण्ड बगदीराम, प्रभुलाल, भेरूलाल वगैराह आदि से 2132 वर्गफिट भूखण्ड क्रय किया था, जिसका नामांतरण भी श्यामु बाई के नाम से नामांतरण पंजी क्रमांक 23 दिनांक 29.01.2017 को हुआ है, का असल विक्रय पंजीयन पत्र कहीं गुम हो गया है जो काफी ढूंढने पर भी नहीं मिल रहा है किसी थाने या न्यायालय में जप्त नहीं है, कोई दुरुपयोग नहीं किया गया है। उक्त असल विक्रय पंजीयन पत्र पर किसी प्रकार की जमानत आदि नहीं की गयी है, न ही किसी बैंक, संस्था, सहकारी संस्था, वित्तीय संस्था आदि में ऋण लेकर जमा नहीं करवायी गयी है।

अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, किसी भी व्यक्ति को असल विक्रय पंजीयन पत्र मिलता है तो हमें सूचना करे या इस संबंध मैं किसी बैंक, संस्था, निगम, सोसायटी आदि को कोई आपत्ति हो तो वह भी मय दस्तावेज़ आपत्ति प्रस्तुत करे। सो सूचित हो।

******** सूचनाकर्ता ********

राधेश्याम चौहान पिता डालूराम चौहान

निवासी माननखेडा, तहसील पिपलौदा जिला रतलाम म.प्र. मोबाइल नं.-9165559590

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

डॉ. परीक्षित शर्मा

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 21 अक्टूबर को शाम 5 से रात 8 बजे तक रविवार 22 अक्टूबर को सुबह 9 से दोप. 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-* चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, * एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, * शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, * गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, * असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, * शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, * लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, * बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, * नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, * सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

### कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 17.10.2023

***जाहिर सूचना ***

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कौशल्याबाई पति नीलमचंद राठौर, निवासी ग्राम मोहम्मदपुरा तहसील व जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक मकान जो कि भवन पंजी क्रं 198, प.ह.नं. 30 ग्राम मोहम्मदपुरा तहसील व जिला मंदसौर का दान विधिवत रजिस्टर्ड दान पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी249392023ए12333588 दिनांक 05.09.2023 से अपने पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण राठौर पिता नीलमचंद राठौर, निवासी ग्राम मोहम्मदपुरा तहसील व जिला मंदसौर को कर दिया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-सीताबाई का मकान, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में -विजय राठौर का बाड़ा, दक्षिण में-विजय राठौर का मकान, पैमाईश-लम्बाई 30 फीट, चौड़ाई 12.5 फीट। कुल क्षेत्रफल-375 वर्गफीट या 34.83 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर श्री लक्ष्मीनारायण राठौर पिता नीलमचंद राठौर, निवासी ग्राम मोहम्मदपुरा तहसील व जिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय

दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि़या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in